# कभी दुर्गा बन के कभी काली बन के

कभी दुर्गा बन के कभी काली बन के
चली आना मईया जी चली आना

ब्रह्मचारिणी रूप में आना ॥
भक्ति हाथ ले के, शक्ति साथ ले के
चली आना मईया जी चली आना

तुम दुर्गा रूप में आना ॥
सिंह साथ ले के, चक्र हाथ ले के
चली आना मईया जी चली आना

तुम काली रूप में आना ॥
खप्पर हाथ ले के, योगिन साथ ले के
चली आना मईया जी चली आना

तुम शीतला रूप में आना ॥
झाड़ू हाथ ले के, गधा साथ ले के
चली आना मईया जी चली आना

तुम गौरां रूप में आना ॥
माला हाथ ले के, गणपति साथ ले के
चली आना मईया जी चली आना

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1779/title/kabhi-durga-banke-kabhi-kaali-banke

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |